उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 11.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## एडीएम एवं एएसपी महोबा ने पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा केन्द्रों का किया संयुक्त निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश...।

जनपद महोबा में प्रस्तावित पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर आज दिनांक 11.10.2025 को अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का भौतिक रूप से जायजा लिया गया तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने केन्द्रों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन यंत्र तथा महिला परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान केन्द्र प्रभारियों एवं व्यवस्था में लगे अधिकारियों को सभी तैयारियाँ समय से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने बताया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूर्णतः सतर्क रहेगी तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल में सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है ताकि परीक्षार्थियों को सुरक्षित, सुचारु एवं अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्र0नि0 कोतवाली नगर महोबा श्री मनीष कुमार पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।















## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत मिशन शक्ति केन्द्र थाना खरेला की तत्परता से आवेदिका को मिली आर्थिक राहत...


थाना खरेला, जनपद महोबा क्षेत्रअन्तर्गत निवासिनी एक आवेदिका द्वारा यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया कि गलती से उनके द्वारा ₹8,000/- रुपये एक अज्ञात व्यक्ति के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर हो गए हैं।

मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत संचालित मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना खरेला द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। टीम ने मामले की बारीकी से जांच की, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि उक्त राशि निर्देश विश्वकर्मा नामक व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर हुई है।

मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए संबंधित व्यक्ति से संपर्क साधा गया तथा प्रभावी संवाद और समन्वय के माध्यम से आवेदिका अंजलि को उनके ₹8,000/- रुपये वापस दिलवाए गए।

आवेदिका द्वारा मिशन शक्ति टीम के इस प्रयास के प्रति संतोष एवं आभार व्यक्त किया गया।

यह मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की सक्रियता, संवेदनशीलता एवं महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रकार की सफल कथाएं यह दर्शाती हैं कि मिशन शक्ति केन्द्र न केवल महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में कार्य कर रहे हैं, बल्कि उनके आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 11.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र की त्वरित पहल से दाम्पत्य विवाद का शांतिपूर्ण समाधान...

आज दिनांक 11.10.2025 को थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा क्षेत्रअन्तर्गत निवासी आवेदिका द्वारा अपने पति के विरुद्ध गाली-गलौज एवं मारपीट के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत संचालित मिशन शक्ति केन्द्र टीम प्रभारी म.उ.नि. अंकिता द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदिका के पति को थाना स्थानीय पर बुलवाया गया एवं मिशन शक्ति केन्द्र में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई गई।

काउंसलिंग के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा पारिवारिक संवाद, समझाइश एवं आपसी सम्मान की भावना के आधार पर दोनों पक्षों को एक-दूसरे की बात समझाते हुए पारिवारिक महत्व को बताया गया। टीम के प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से सुलह हुई और अब किसी भी प्रकार का विवाद शेष नहीं रह गया है।

मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा आवेदिका से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए समय-समय पर फीडबैक लिया जाएगा, ताकि भविष्य में भी घरेलू सौहार्द और सुरक्षा बनी रहे।

यह प्रकरण मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति शासन की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। मिशन शक्ति केन्द्र न केवल महिला उत्पीड़न की शिकायतों के निस्तारण में सक्रिय है, बल्कि संवाद, समन्वय और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से परिवारों में सौहार्द स्थापित करने का भी सफल माध्यम बन रहा है।

